कार्यालय – प्राचार्य

शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही, जिला – बालोद (छ.ग.)

Email Id – gskycollege@gmail.com

दिनांक – 27-02-2023

// सूचना //

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का सूचना क्रमांक 1610/परीक्षा/वार्षिक/प्रवेशपत्र/2023 दुर्ग, दिनांक – 24-02-2023 के वार्षिक परीक्षा मार्च – अप्रैल 2023 हेतु प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट अथवा के माध्यम से डाउनलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु दिशा निर्देश सूचना पटल में चस्पा की गई हैं।

संलग्न – उपरोक्तानुसार।

PRINCIPAL
Govt. Shahid Koushal Yadav College
Gunderdehi, Dist.-Balod (C.G.)

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम- दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.)-491001

ई मेल : exam@durguniversity.ac.in   वेब साइट : www.durguniversity.ac.in   दूरभाष : 0788-2359300

क्रमांक 1610 /परीक्षा/वार्षिक/प्रवेशपत्र/2023   दुर्ग, दिनांक 24.02.2023

//सूचना//

-: वार्षिक परीक्षा मार्च-अप्रैल 2023 हेतु :-

प्रवेश पत्र (Admit Card)

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की वार्षिक **परीक्षा 2023** निर्धारित समय सारणी अनुसार **दिनांक** 13.03.2023 से प्रारंभ हो रही है। परीक्षाएं निर्धारित परीक्षा. केन्द्रों में तीन पालियों यथा–प्रथम पाली–प्रातः 07 बजे से 10 बजे, द्वितीय पाली प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तथा तृतीय पाली संध्या 03 बजे से 06 बजे तक आयोजित की जावेगी।

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के **प्रवेश** पत्र **दिनांक 25.02.2023** से विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.durguniversity.ac.in** अथवा https://durg.ucanapply.com के माध्यम से डाउनलोड किए जायेंगे।

प्रवेश पत्र के लिये परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन फार्म भरते समय उपयोग की गई यूजर आईडी एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए www.durguniversity.ac.in के Quick Link पर Admit Card-Annual Exam.-2023 पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं।

अथवा

https://durg.ucanapply.com पर जाकर Student (Click here to login portal) पर Click कर अपने यूजर आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग कर लॉगइन कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

यदि परीक्षार्थी अपना पासवर्ड भूल गयें हैं तो Forgot Password पर Click कर User Name और E-Mail ID अथवा मोबाईल नम्बर का प्रयोग कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र प्राप्त करने के बाद अपने संबंधित परीक्षा केन्द्र पर जाकर केन्द्राध्यक्ष के हस्ताक्षर एवं केन्द्र की सील लगवाना सुनिश्चित करें।

परीक्षार्थी डाउनलोड किए गये प्रवेश पत्र (Admit Card) का भलीभांति अवलोकन कर परीक्षण कर लेवें। परीक्षा फार्म भरते समय हुई त्रुटि के कारण प्रवेश पत्र में आंशिक त्रुटि हो सकती है, ऐसी स्थिति में यथाशीघ्र विश्वविद्यालय आकर सुधार करा लेवें ताकि परीक्षा के समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। परीक्षार्थी इस बात का ध्यान रखें विश्वविद्यालय द्वारा मेनुअल प्रवेश पत्र नहीं भेजा जायेगा। प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट से डाउनलोड कर ही प्राप्त करेंगे।

विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये प्रवेश पत्र के साथ समय सारणी एवं परीक्षा केन्द्रों की सूची भी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है जिसका अवलोकन किया जा सकता है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्पलाईन नं. **9713387094, 7225940167** पर संपर्क किया जा सकता है।

टीपः– 1. जिन परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन फार्म महाविद्यालय द्वारा वेरिफाई नहीं किया गया है, उनके प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं किए जा सकेंगे, अतः परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय से संपर्क कर सर्वप्रथम परीक्षा आवेदन ऑनलाईन माध्यम से वेरिफाई करवाकर प्रवेश पत्र डाउनलोड करेंगे।

2. ऐसे परीक्षार्थी जिनके परीक्षा आवेदन में त्रुटि पाई गई है उनके प्रवेश पत्र भी रोके गए हैं, कृपया संबंधित परीक्षार्थी तत्काल समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित विश्वविद्यालय से संपर्क कर त्रुटि में सुधार करा लेवें।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ. क्र. 1611 /परीक्षा/वार्षिक/प्रवेशपत्र/2023   दुर्ग, दिनांक 24.02.2023

प्रतिलिपिः–

1. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
2. उ.कु.स. गोपनीय/परीक्षा/अधिष्ठाता छात्र कल्याण, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
3. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजसहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ।
4. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र, को इस निवेदन के साथ कि कृपया इसे छात्रहित को ध्यान में रखते हुए अपने दैनिक समाचार में प्रकाशित करने का कष्ट करेंगे।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)